>

Title: Need to set up a National Sports University in Haryana.

श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा (रोहतक): मैं कॉमनवेल्थ गेम्स 2010 में भारतीय खिलाड़ियों, विशेषकर हरियाणा के खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करता हूं। हरियाणा से कुल 54 महिला और पुरूष खिलाड़ियों ने इन खेलों में भाग लिया। इन खिलाड़ियों ने कुल 32 मैडल (यानी कुल जीते गए पदकों का एक तिहाई) जीते हैं।

राज्य की खेल संबंधी नीति किसी भी खिलाड़ी के भविष्य को बेहतर बनाने की बात कहती है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों की आधारभूत संरचना तैयार करना और छोटी उम्र से ही प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को पहचान कर, उन्हें तैयार करना तथा उनके द्वारा दिखाये बेहतर प्रदर्शन पर उन्हें ईनाम देने को सुनिश्चित करना शामिल है।

मैं भारत सरकार से विनम्र अनुरोध करता हूं कि हरियाणा राज्य में एक राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय की स्थापना करे और इस दिशा में आवश्यक कार्यवाही शीघ्र की जाये।